हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 17.8 डिग्री

11 13 महिला और 33 पुरुष खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम...



12 महिलाएं 'चुन्नी के कोरड़े' से खेलती हैं फाग, नहीं डाला...



## शहर में आज

- ⏭ आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- ⏭ एमडीयू के खेल परिसर में रग्बी टीम का ट्रायल सुबह 11 बजे
- ⏭ रोडवेज डिपो में कर्मचारी यूनियन की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने परीक्षाओं के परिणाम जारी किए

**रोहतक।** एमडीयू ने दिसंबर 2025 में हुई बीएससी स्पोर्ट्स साइंस (नॉन एनईपी) के प्रथम सेमेस्टर री-अपीयर, बीएससी (पास एंड ऑनर्स) तीसरे सेमेस्टर री-अपीयर, बीए (पास एंड ऑनर्स) के पांचवें सेमेस्टर की रेगुलर एंड री-अपीयर तथा तीसरे व छठे सेमेस्टर की री-अपीयर, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी के पांचवें सेमेस्टर की रेगुलर एंड री-अपीयर तथा प्रथम, तीसरे व छठे सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया की परीक्षा परिणाम विवि वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### नगर पालिका चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) सचिन गुप्ता सांपला नगर पालिका के आम चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के लिए सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद को निर्वाचन अधिकारी तथा सांपला के नायब तहसीलदार अशोक कुमार को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## होली पर रंग में भंग : चुलियाना मोड़ पर कार-बाइक भिड़ीं, मृतकों में दो सगे भाई

# ईस्माइला में चार लोगों की मौत से मातम एक साथ जलीं चिताएं, हर आंख नम

उत्सव में शामिल होने के लिए निकले थे एक बाइक पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव चुलियाना के मोड़ पर बुधवार शाम को कार और बाइक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में दो सगे भाई भी शामिल हैं। दो लोगों की हादसे के दौरान मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो की पीजीआई ले जाने के बाद मौत हुई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया, जहां एक साथ चारों चिताएं जलाई गईं तो हर किसी की आंखें नम हो गईं। जानकारी के अनुसार, बुधवार को ईस्माइला 11बी के सोनू, मोहन, राजकुमार और राजेश एक ही बाइक पर सवार होकर चुलियाना के पास जा रहे थे। जहां उनकी दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार के साथ टक्कर हो गई। मृतकों में मोहन और राजकुमार दोनों सगे भाई है, जबकि सोनू और राजेश गली में ही रहते थे। आईएमटी थाना पुलिस ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया। कार चालक की तलाश की जा रही है।

### तीन बच्चों का पिता था मोहन, सोनू राजकुमार और राजेश थे अविवाहित



राजेश



सोनू



मोहन



राजकुमार



### मोहन और राजेश करते थे डॉक्टर के पास प्रेक्टिस

ग्रामीणों ने बताया कि मोहन पहरावर में डॉक्टर के पास प्रेक्टिस करते थे। जबकि राजेश पाकस्मा के पास प्रेक्टिस करते थे। मोहन शादीशुदा है और उसके पास दो बेटी और एक बेटा है। मोहन का छोटा भाई राजकुमार अविवाहित था। सोनू की गांव में बाइक रिपेयरिंग की शॉप है। सोनू और राजेश भी अविवाहित हैं।

### आर्यनगर में होली खेल रहे युवक पर चाकू से हमला

- बुआ के घर आया हुआ था सोनू, कहासुनी के बाद किया युवकों ने हमला

**रोहतक।** आर्य नगर क्षेत्र में युवक पर चाकू से किए गए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना आर्य नगर के प्रभारी पीएसआई बिजेंद्र के अनुसार, आर्य नगर निवासी सोनू की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 4 मार्च को सोनू अपनी बुआ के घर आर्य नगर क्षेत्र में गया हुआ था। वह अपनी बुआ, उनकी बेटी और पड़ोसी के साथ गली के नुक्कड़ पर होली खेल रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि वे आपस में अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे। सोनू ने उन्हें गाली-गलौज करने से मना किया, जिस पर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर तीनों युवकों ने सोनू के साथ मारपीट शुरू कर दी। दो युवकों ने सोनू को पकड़ लिया जबकि तीसरे ने उसकी छाती पर चाकू से वार कर दिया। आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

#### तीन गिरफ्तार

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 5 मार्च को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आसु पुत्र धर्मेंद्र निवासी कृष्णा कॉलोनी, मानव उर्फ गोलू पुत्र अशोक निवासी आर्य नगर तथा मन्नत पुत्र स्वर्गीय सुजान, हाल किरायेदार आर्यनगर बस्तीपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी और अन्य साक्ष्यों को जुटाने की प्रक्रिया जारी है।

## ये कैसी सुरक्षा: असामाजिक तत्वों ने बिगाड़ा माहौल

### जिले में 40 नाके, लगातार चेकिंग के बावजूद चाकूबाजी, फायरिंग और चोरी की वारदातें

**रोहतक।** होली जैसे उल्लास और भाईचारे के पर्व पर इस बार जिले में कई जगह हिंसा और अपराध की घटनाओं ने रंग में भंग डाल दिया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम करते हुए जिलेभर में 40 स्थानों पर नाके लगाए और लगातार चेकिंग अभियान चलाया, लेकिन इसके बावजूद अलग-अलग क्षेत्रों में चाकू से हमले, मारपीट, फायरिंग और चोरी की वारदातें सामने आईं। होली के मद्देनजर पुलिस ने प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में नाके स्थापित किए थे। शराब पीकर वाहन चलाने वालों, हुड़दंग मचाने वालों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष टीमें तैनात की गई थीं। दिनभर पुलिस की गाड़ियां गश्त करती रहीं और संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली जाती रही। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की।

#### त्योहार पर घटनाएं, सुरक्षा पर सवाल

त्योहार पर इस तरह की घटनाओं को लेकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। लगातार हुई इन घटनाओं के बाद आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। शहर में कई जगह कानून व्यवस्था चौपट नजर आई। इस दौरान होली खेलने वाले नवयुवकों ने खुलकर हुड़दंग बाजी की। बाइकों का गैंग बनाकर शहर में घूमते दिखाई दिए। हालांकि, पुलिस का कहना है कि अधिकांश मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी की तलाश जारी है।

## ट्रामा सेंटर पहुंचे 577 मरीज, 80 को करना पड़ा भर्ती

**रोहतक।** रंगों के त्योहार होली के दिन जहां शहर में उत्साह और उमंग का माहौल रहा, वहीं दूसरी ओर पीजीआईएमएस के ट्रामा सेंटर और आपातकालीन विभाग में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली। होली के दिन ट्रामा सेंटर और इमरजेंसी विभाग में कुल 577 मरीज इलाज के लिए पहुंचे, जिनमें से 80 मरीजों को गंभीर हालत के चलते भर्ती करना पड़ा। अकेले 270 मरीजों का सर्जरी विभाग ने उपचार किया। जबकि आर्थो में 19 मरीज आए। भारी संख्या में आए मरीजों का उपचार करने में डॉक्टर के भी पसीने छूट गए। इस दौरान कुछ मरीज शराब के नशे में भी देखने को मिले। डॉक्टरों के अनुसार, होली के दौरान सबसे ज्यादा मामले सड़क हादसों, झगड़ों और रंग या केमिकल आंखों में जाने के सामने आए। करीब 20 से 25 लोगों की आंखों में चोट लगी थी, जिनमें से कई मरीजों की हालत गंभीर होने के कारण उनका ऑपरेशन भी करना पड़ा। आंखों में तेज रंग, केमिकल और गुब्बारे लगने के कारण चोटें आई थीं।

#### उत्साह और उमंग में सैकड़ों घायल

- ⏭ 20 से 25 लोगों को आंख पर चोट लगी, कई का करना पड़ा ऑपरेशन, 10 मरीज आर्थो विभाग ने किए भर्ती, 70 सर्जरी विभाग ने किए दाखिल। लोगों के हाथ, पैर, पेट और सिर पर थे चोट के निशान।
- ⏭ आम दिनों में आते हैं 350 से 400 के बीच मरीज, यह संख्या काफी बढ़कर 577 तक पहुंच गई। कुछ लोगों ने पी हुई थी शराब।
- ⏭ ट्रामा सेंटर और आपातकालीन विभाग की तरफ से एक दिन पहले ही मांग लिया गया था स्टाफ।
- ⏭ डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को अलर्ट पर रखा गया था ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत उपचार मिल सके।

## स्वच्छ सर्वेक्षण: दस अफसरों को सौंपी 22 वार्डों की कमान

- अधिकारी करेंगे रोजाना निरीक्षण, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और सफाई व्यवस्था पर विशेष नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत शहर की स्वच्छता व्यवस्था की मजबूती के लिए निगम ने कड़े कदम उठाए हैं। निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि शहर में चल रहे स्वच्छता कार्यों की निरंतर निगरानी के लिए 10 अफसरों को अलग-अलग वार्डों की जिम्मा सौंपा है।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित वार्डों में रोजाना सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें व समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करें। इस व्यवस्था के तहत संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह को वार्ड 1 से 3, संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी को वार्ड 4 से 6, एक्सईएन मंजीत दहिया को वार्ड 7-8 व एक्सईएन योगराज छिकारा को वार्ड 9-10 की जिम्मेदारी दी गई है। डीटीपी तिलकराज को वार्ड 11-14, सहायक अभियंता को वार्ड 12- 13, जेई सूर्या धनखड़ को वार्ड 19-20, मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार को वार्ड 17-18 व मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन को वार्ड 15-16 और भू-अधिकारी संदीप बतरा को वार्ड 21-22 के निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है।

वे डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के व्यवस्था के साथ यह भी देखेंगे कि गीला-सूखा कूड़ा अलग करने पर जा रहा है या नहीं।

#### इन नंबरों पर करें कॉल

नगर निगम ने कूड़े से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आमजन के लिए हेल्पलाइन जारी किया हुआ है। शहरवासी कूड़ा उठान, सफाई या कूड़े के ढेर से जुड़ी शिकायत टोल फ्री नंबर 18001805007 व 8295900992 पर कॉल करके दर्ज करवा सकते हैं, ताकि समस्या का शीघ्र समाधान किया जा सके।

## सर्वखाप पंचायत का संदेश- फूट डालने वालों से रहें सावधान

# अब खंडित नहीं होने दिया जाएगा भाईचारा

- कैप्टन अभिमन्यु की कोठी में आगजनी के मामले में आए फैसले के बाद खाप नेताओं ने समाज से संयम बरतने और एकता कायम रखने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



पत्रकारों से बातचीत करते सर्वखाप संयोजक चौधरी महेंद्र सिंह नांदल, रोहतक 84 खाप के प्रधान चौधरी हरदीप अहलावत, अहलावत खाप के प्रधान जय सिंह अहलावत व पूर्व प्रधान हुड्डा खाप के चौधरी धर्मपाल हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखने के उद्देश्य से वीरवार को सेक्टर-27 स्थित सनसिटी में सर्वखाप पंचायत की ओर से एक प्रेस वार्ता हुई। इस दौरान खाप प्रतिनिधियों ने समाज के सभी वर्गों से शांति, संयम और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

सर्वखाप संयोजक चौधरी महेंद्र सिंह नांदल, रोहतक 84 खाप के प्रधान चौधरी हरदीप अहलावत, अहलावत खाप के प्रधान जय सिंह अहलावत, पूर्व प्रधान हुड्डा खाप के चौधरी धर्मपाल हुड्डा, खाप प्रवक्ता कैप्टन जगबीर मलिक तथा देशवाल खाप के प्रतिनिधि सुरेश देशवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सर्वखाप संयोजक चौधरी महेंद्र सिंह नांदल ने कहा कि 27 फरवरी 2026 को पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की कोठी में आगजनी के मामले में आए अदालत के फैसले के संदर्भ में समाज को संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। फरवरी 2016 में जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान उग्र भीड़ ने कैप्टन अभिमन्यु की कोठी में आगजनी की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की थी, जो समाज के लिए बेहद पीड़ादायक थी। इस घटना को लेकर सरकार और सिंधु परिवार की ओर से मुकदमा दर्ज करवाया गया था। बाद में समाज के लोगों ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से इस मामले को आपसी सहमति से सुलझाने का प्रयास किया। सिंधु परिवार ने सतरोल खाप पंचायत से संपर्क करने की बात कही। इसके बाद सतरोल खाप और अन्य खाप पंचायतों ने मिलकर इस मामले को सुलझाने की पहल की। जनवरी 2020 जींद में सर्वखाप पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें समाज में भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का निर्णय लिया गया। उस समय सभी पक्षों ने इस फैसले को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि सिंधु परिवार ने भी इस फैसले का सम्मान करते हुए धैर्य और संयम का परिचय दिया, जिसका परिणाम है कि 27 फरवरी 2026 को अदालत ने इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

#### सिंधु परिवार और सतरोल खाप का जताया आभार

उन्होंने सतरोल खाप और सिंधु परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने समाज में शांति बनाए रखने के लिए सराहनीय भूमिका निभाई है। रोहतक 84 खाप के प्रधान चौधरी हरदीप अहलावत ने कहा कि खाप पंचायतें हमेशा सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने का काम करती रही हैं और भविष्य में भी समाज को जोड़ने का कार्य करती रहेंगी। सर्वखाप प्रवक्ता कैप्टन जगबीर मलिक ने युवाओं से सकारात्मक सोच अपनाने और समाज के विकास में रचनात्मक भूमिका निभाने की अपील की। खाप नेताओं ने एक स्वर में कहा कि समाज की मजबूती आपसी भाईचारे और सौहार्द में ही है, इसलिए सभी लोग मिलजुलकर शांति और एकता का संदेश आगे बढ़ाएं।

## सैनिक कॉलोनी में फंदे से लटका मिला युवक, मायके में थी पत्नी

- कमरे में अकेले रह रहा था, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर की सैनिक कॉलोनी में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस भिजवाकर परिजनों को सूचना दी गई। मृतक की पहचान बिहार के छपरा जिले के गांव सरिया निवासी 30 वर्षीय चंदन पुत्र सुदामा रूप में हुई है। वह फिलहाल सैनिक कॉलोनी में किराए के कमरे में रह रहा था और पुराना आईडीसी क्षेत्र की एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में युवक कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। हालांकि, उसने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। जांच अधिकारी संजय सैनी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर एफएसएल टीम की विशेषज्ञ डॉ. सरोज दहिया को भी बुलाया गया, जिन्होंने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग पाएगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर रही है। अभी किसी आपराधिक आशंका की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पुलिस पहलुओं की जांच कर रही है।

#### तीन माह पहले गर्भवती पत्नी को छोड़ा था गांव

चंदन की पत्नी गर्भवती है और 3 माह पहले वह उसे उसके मायके छोड़ आया था। तब से वह सैनिक कॉलोनी स्थित किराए के कमरे में अकेला रह रहा था। पड़ोसियों ने बताया कि वह सामान्य व्यवहार करता था, लेकिन आजकल कम ही बाहर निकलता था। सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला। तो लोगों को संदेह हुआ। उन्होंने झांककर देखा, जहां युवक फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद उन्हांने पुलिस बुलाई।

## सरसों में दरांती चलेगी कई दिन पहले, एकदम गर्मी बढ़ने से गेहूं उत्पादन घटेगा

# 24 घंटे में $2.5^0$ बढ़ा पारा, सामान्य से $5.4^0$ ज्यादा

मार्च महीने के अंत तक असहनीय हो जाएगी गर्मी

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक

चैत्र के दूसरे ही दिन वीरवार को रोहतक व आसपास के क्षेत्र में बदले मौसम का एहसास हुआ। गर्मी ज्यादा महसूस इसलिए नहीं हुई कि दिनभर 18 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली रही थी। ।लेकिन तापमान में बुधवार की बजाय वीरवार को 2.5 डिग्री की बढ़ोतरी होकर ये 32.3 डिग्री पर पहुंच गया। जोकि सामान्य से 5.4 डिग्री अधिक था। न्यूनतम पारा में भी बड़ा बदलाव 24 घंटे में हुआ। वीरवार सुबह साढ़े पांच बजे तापमान 17.8 डिग्री दर्ज किया गया। जोकि इस मौसम को सबसे ज्यादा था। न्यूनतम पारा भी सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक रहा। प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म गुरुग्राम रहा। वहां पारा 35 डिग्री तक पहुंच गया। प्रदेश के बुधवार व वीरवार के औसत अधिकतम तापमान पर नजर डालें तो इसमें 0.9 डिग्री की वृद्धि हुई है। राज्य में सामान्य औसत पारा 6.9 डिग्री अधिक है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक प्रतिकूल मौसम और बढ़ती गर्मी से इस बार गेहूं की पैदावार घटने की आशंका है। फसल की दूधिया अवस्था में अधिक तापमान होने से दाना ठीक से नहीं भर पाता। गेहूं के साथ-साथ सरसों और चने की फसल भी प्रभावित हो सकती है, क्योंकि पकने के समय ठंडा मौसम जरूरी होता है। प्रदेश में तापमान 32-35 डिग्री तक पहुंच गया है, जबकि आदर्श तापमान 25 डिग्री माना जाता है। जिले में करीब 1.10 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती है। प्रदेश में रबी 2025 में गेहूं की औसत पैदावार प्रति हेक्टेयर 55–60 क्विंटल तक थी। लेकिन इस बार इतना उत्पादन होगा, इस पर संदेह बना हुआ है।

#### इन्हीं दिनों में पिछले वर्ष का तापमान

| तिथि | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| 5 | 24 | 10 |
| 6 | 27 | 10 |
| 7 | 28 | 10 |
| 8 | 29 | 12 |
| 9 | 31 | 15 |
| 10 | 31 | 13 |
| 11 | 37 | 17 |

#### 28 से शुरू होगी सरसों खरीद

हरियाणा में सरसों की सरकारी खरीद 28 मार्च से शुरू होनी है। लेकिन मौसम के एकदम से बदले मिजाज से लगता है कि फसल की कटाई उससे काफी दिन पहले ही प्रारंभ हो जाएगी। ऐसे में किसानों के पास दो विकल्प होंगे कि जिंस घर में 28 मार्च तक रखें या फिर व्यापारियों को खेत में ही बेच दें। सरसों का सरकारी खरीद मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल है। जबकि मंडियों में सरसों का भाव 6300 से 7000 प्रति क्विंटल के बीच रहा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मुताबिक रोहतक जिले में इसी सीजन में सरसों का रकबा 10-11 हजार हेक्टेयर है। महम के बैरानी एरिया में ही सरसों की बिजाई ज्यादा होती है। क्योंकि यहां सरसों की फसल के मुताबिक जमीन है।

#### ये वजह समय से पहले गर्मी की

अल-नीनो के प्रभाव से उपजे इस मौसम संकट ने न सिर्फ किसानों की नींद उड़ाई है, बल्कि कृषि विभाग को भी सतर्क कर दिया है। अगर मार्च में भी हीटवेव का यह सितम जारी रहा, तो बंपर बुवाई के बावजूद न केवल पैदावार घटेगी, बल्कि खुले बाजार में आटे के दाम भी आसमान छू सकते हैं। विशेषज्ञों को डर है कि कहीं साल 2022 की कहानी न दोहराई जाए, जब मार्च की भीषण गर्मी ने उत्पादन को लक्ष्य से 10-12 प्रतिशत तक गिरा दिया था। ध्यान रहे कि अल-नीनो के असर की वजह से ही गत जनवरी और फरवरी में सामान्य से कम बरसात हुई है। इसकी कारण मार्च के पहले सप्ताह में ही पारा यहां तक जा चढ़ा।

## सत्यवान हत्याकांड में एक और मुठभेड़ के बाद लाठ गांव का दीपक गिरफ्तार

- गांधरा–अटायल रोड पर हुई 18 राउंड फायरिंग, लोगों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



प्रॉपर्टी डीलर सत्यवान की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य साजिश से जुड़े बदमाश लाठ गांव के दीपक को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गांधरा से अटायल रोड के बीच हुई इस कार्रवाई में दोनों ओर से करीब 18 राउंड फायरिंग हुई। गोलीबारी में दीपक घायल हो गया। उसे तुरंत पीजीआई में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि 20 फरवरी को खरावड़ पुल के पास प्रॉपर्टी डीलर सत्यवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

पुलिस के अनुसार दीपक सत्यवान हत्याकांड में वांछित चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि दीपक किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में क्षेत्र में घूम रहा है।

सूचना पर विशेष टीम ने गांधरा–अटायल रोड पर नाकेबंदी की। जब संदिग्ध वाहन को रुकने का इशारा किया गया तो उसमें सवार बदमाश ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा कर वाहन को घेरा व आरोपी को सरेंडर करने को कहा। इस दौरान दीपक ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गाड़ी और एएसआई हितेंद्र की बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी। जैकेट के कारण पुलिस अधिकारी सुरक्षित रहे। जवाबी फायरिंग में दीपक के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके से एक अवैध हथियार भी कब्जे में लिया है। पुलिस का कहना है कि सत्यवान हत्याकांड की जांच अभी जारी है और इसमें शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।



# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



## ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

## बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

## बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





## स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

## तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *




### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



# 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।




बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।
चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-मोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।



एआई इमेज



कहानी
सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

# सॉरी दादा जी!


एआई इमेज

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया


एआई इमेज

## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195

1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



### गांव चुलियाना में व्यक्ति को रोककर लाठी-डंडों से पीटा, फायरिंग कर क्षेत्र में फैलाई दहशत

# गाड़ी टच होने पर बढ़ा विवाद, युवक पर जानलेवा हमला, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव चुलियाना में मामूली वाहन टच होने के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। कार सवार युवकों ने एक व्यक्ति को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा व फायरिंग कर दहशत फैला दी। सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। गांव चुलियाना निवासी नवीन उर्फ भालू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दुहन पाना में रहता है। बुधवार शाम वह कार से रोहतक की ओर जा रहा था। जब वह गांव में पूर्व सरपंच संदीप के घर के पास पहुंचा तो सामने से एक बैलेनो कार आई, जिसमें गांव के ही मंजीत और उसका भतीजा कपिल सवार थे। नवीन के अनुसार, सामने से आ रही कार ने रास्ता नहीं दिया, जिससे दोनों वाहनों के बीच हल्का टच हो गया। नवीन ने बताया कि वह रोहज पाना पहुंचा और अपने साथियों मैनपाल व छोटू को गाड़ी में बैठाकर चुलियाना मोड़ की तरफ लौटने लगा। आरोप है कि जब वह चुलियाना मोड़ के पास पहुंचा तो वहां पहले से दो गाड़ियों में सवार कुछ युवक खड़े मिले। इनमें मंजीत, संदीप, सतबीर, सन्नी, कपिल, मोंटी, मौजी, रामबीर सहित दो-तीन अन्य युवक शामिल थे।

#### बचाव करने पहुंचे लोगों से भी मारपीट

घटना की जानकारी मिलते ही विक्की, भालू, अमित और अन्य 3-4 युवक मौके पर पहुंचे और नवीन को हमलावरों से छुड़ाने का प्रयास किया। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ भी हाथापाई की। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल नवीन को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

#### कार अड़ाकर किया हमला

आरोपियों ने कार उसकी गाड़ी के आगे लगाकर रास्ता रोक लिया। जैसे ही वह नीचे उतरा, आरोपियों ने उस पर थप्पड़, घूंसे और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। नवीन ने आरोप लगाया कि हमले के दौरान मैनपाल ने पिस्तौल निकालकर हवाई फायर कर दिया, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे। इसी बीच संदीप, सन्नी और रामबीर ने मैनपाल से पिस्तौल छीन ली।आईएमटी थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि युवक पर हमला और फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल की शिकायत के आधार पर गांव के ही कई युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## सेक्टर-3 में बंद मकान पर चोरों का धावा

**रोहतक।** शहर के सेक्टर-3 स्थित एक बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलते ही अर्बन एस्टेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। झज्जर जिले के गांव मुडाहेड़ा निवासी धर्मबीर ने बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी मीना बेंगलुरु में रहती है, जबकि छोटी बेटी पूजा अपने पति राहुल के साथ पहले रोहतक के सेक्टर-3 स्थित मकान में रहती थी। राहुल की नौकरी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लगने के बाद पूरा परिवार वहां शिफ्ट हो गया। इसके चलते मकान लंबे समय से बंद पड़ा था। धर्मबीर के अनुसार, वह हर 10-15 दिन में मकान की देखरेख के लिए आते-जाते रहते हैं। कुछ दिन पहले भी वह साफ-सफाई कराकर लौटे थे। जब वे दोबारा घर संभालने पहुंचे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अंदर प्रवेश करने पर घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां खुली हुई थीं। धर्मबीर ने पुलिस को बताया कि चोर घर से चांदी की दो जोड़ी कड़ी, दो जोड़ी कडुली, पांच जोड़ी चुटकी, तीन चांदी की अंगूठियां, दो जोड़ी पायल, दो चांदी के कड़े, एक चांदी की तागड़ी सेट, तीन जोड़ी चांद पातड़ी, दो चांदी के बर्तन, लक्ष्मी-गणेश की चांदी की मूर्तियां, नौ चांदी के सिक्के और छह जोड़ी बच्चों के चांदी के कड़े ले गए। इसके अलावा सोने की तीन अंगूठियां, एक सोने की चेन, एक घड़ी तथा करीब 30 हजार रुपये नकद भी चोरी हो गए। अर्बन एस्टेट थाना के जांच अधिकारी एसआई सिमंत ने बताया कि चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## कृपाल नगर: मारपीट में 5 आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने कृपाल नगर निवासी युवक और उसके साथियों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए वारदात में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को कल अदालत में पेश किया जाएगा। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भूपेंद्र उर्फ चौधरी पुत्र कल्लू निवासी आजादगढ़, अरुण पुत्र हरीश निवासी आजादगढ़, सोनू पुत्र पवन निवासी प्रेम नगर, पप्पी उर्फ पंकज पुत्र मोरपाल निवासी आजादगढ़ तथा सुमित उर्फ बल्लू पुत्र जितेंद्र निवासी जसबीर कॉलोनी के रूप में हुई है।

### पटियाला में होगी 5वीं इंडियन ओपन एथलीट प्रतियोगिता

# 13 महिला और 33 पुरुष खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, प्रतियोगिता कल से

महिला डिस्कस थ्रो में ग्रीमा, नेहा, प्रिया व सान्या और पुरुष वर्ग में प्रतीक, रिषभ और सचिन ले रहे भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

5वीं इंडियन ओपन एथलीट प्रतियोगिता में रोहतक का संयम अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। संयम शॉटपुट के थ्रो इवेंट में भाग लेगा। यह प्रतियोगिता पंजाब के पटियाला में सात व आठ मार्च को आयोजित की जाएगी। इसमें हरियाणा से 13 महिला और 33 पुरुष सहित 46 खिलाडी भाग लेंगे।

दिलबाग सिंह अध्यक्ष एथलेटिक्स हरियाणा और सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल ने बताया कि महिला वर्ग डिस्कस थ्रो इवेंट में ग्रीमा, नेहा जागलान, प्रिया और सान्या यादव भाग ले रही हैं, महिला वर्ग जेवलिन थ्रो इवेंट में सीमा भाग ले रही है, अंडर- 20 डिस्कस थ्रो इवेंट में रोनक, रिद्धी और मन्नत फौगाट भाग ले रही हैं, हैमर थ्रो में खुशी और जेवलिन थ्रो इवेंट में भतेरी भाग ले रही हैं, अंडर-18 साल आयु वर्ग शाट पुट इवेंट में आरती और डिस्कस थ्रो इवेंट में अनीशा सिंहमार भाग ले रही हैं और महिला वर्ग शाट पुट इवेंट में योगिता भाग ले रही है।

#### पुरूष वर्ग शाट पुट इवेंट में संयम ले रहे भाग

प्रदीप मलिक महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा ने बताया कि पुरुष वर्ग शाट पुट इवेंट में संयम भाग ले रहा है और डिस्कस थ्रो इवेंट में प्रतीक मान, रिषभ, सचिन सुहाग, अजय कुमार, आदित्य शर्मा और रविंद्र भाग ले रहे हैं एवं हैमर थ्रो इवेंट अमित पुंडीर और दुपेंदर सिंह भाग ले रहे हैं,पुरुष वर्ग जेवलिन थ्रो इवेंट में प्रमोद और प्रतीक एवं युद्धवीर भाग ले रहे हैं, अंडर- 20 शाट पुट इवेंट में हर्षित गहलोत भाग ले रहा है, डिस्कस थ्रो इवेंट में रोशन कुमार,वंश,संदीप ढाका और साहिल कादियान, जेवलिन थ्रो इवेंट में विशाल और युवराज, हेमर थ्रो इवेंट में शुभम और अमन भाग ले रहे हैं। अंडर-18 शॉट पुट इवेंट में नितेश कुमार, सहजप्रीत सिंह, निश्चय, युवराज सैनी और लक्ष्य लांबा भाग ले रहे हैं, डिस्कस थ्रो इवेंट में नितेश कुमार, कबीर जोगी, धीरज साहू, निश्चय, सोमवीर सिंह,यश जागलान और अखिल कुमार, जेवलिन थ्रो इवेंट में आदित्य और हर्षुल लांबा भाग ले रहे हैं।।

#### महिला हैंडबॉल इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में एमकेजेके कॉलेज रोहतक प्रथम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा वीरवार को आयोजित महिला हैंडबॉल इंटर कॉलेज टूर्नामेंट 2025-26 में एमकेजेके कॉलेज रोहतक विजेता बना। टीआरजीसी सोनीपत की टीम ने कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि जीवीएम सोनीपत की टीम ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एमडीयू खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को मजबूत करने का माध्यम होती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में खिलाड़ियों, कोचों और खेल प्रेमियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।



**रोहतक।** विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित करते एमडीयू खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल।

## 9580 विद्यार्थियों ने दी 10वीं की अंग्रेजी परीक्षा, 1 नकलची काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा वीरवार को 10वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा किये गए पुख्ता प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। जिला में कुल 9685 में से 9580 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 105 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा एक विद्यार्थी की यूएमसी की गई। विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर आसान आया हुआ था। सभी प्रश्न एनसीआरटी से आए हुए थे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकलरहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उडऩदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। इसी तरह आगामी 20 मार्च तक 10वीं कक्षा की परीक्षाएं तथा डीएलएड की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। जिला में बोर्ड परीक्षाओं की निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, नियंत्रण कक्ष में प्राचार्य स्तर के अधिकारी व अन्य स्टाफ तैनात किया गया है।

#### आसान था पेपर



अंग्रेजी का पेपर था। पेपर बहुत आसान आया हुआ था। पैसेज को हल करते समय थोड़ा समय लगा था, लेकिन बहुत अच्छा हुआ है। -कुशाल, छात्र

#### कम समय लगा



पेपर अच्छा हुआ है। पिछले साल के प्रश्न पत्रों से मिलते जुलते प्रश्न आए हुए थे। समय से पहले पेपर हो गया था। लगभग 75 नंबर आ जाएंगे। - नवीन, छात्र

#### एनसीईआरटी से आए प्रश्न



सभी प्रश्न एनसीईआरटी से आए हुए थे। पेपर बहुत अच्छा हुआ है। मेरा एक व दो प्रश्न रह गया। अंग्रेजी का पेपर था। -कृष्णा, छात्र

### सेक्टर-35 सनसिटी में वैदिक होली का आयोजन



**रोहतक।** सेक्टर-35 सनसिटी स्थित "वरिष्ठ नागरिक प्रशाल" में वैदिक परंपरा के अनुसार पर्यावरण शोधक सामग्री के साथ वेदमंत्रों की आहूति देकर होली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ जनों और विद्वानों ने विधिवत मंत्रोच्चार के बीच चम्मच में प्रज्वलित कपूर से होली की समिधाओं में अग्नि प्रज्वलित की। इसके बाद होली की पवित्र अग्नि की परिक्रमा कर समस्त सृष्टि के मंगल की कामना की गई। मंगल पूजन से पूर्व प्रो. महावीर धीर शास्त्री ने होली के तीन वैज्ञानिक पक्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने हवन से पर्यावरण शुद्धि, दुल्हैंडी पर शारीरिक उत्साह के स्वास्थ्य लाभ और नवरात्रों में सात्विक जीवनशैली अपनाने का महत्व बताया। सुभाष सांगवान, डॉ. अनिल आर्य, कैप्टन राजेंद्र हुड्डा और डॉ. सुरेश नांदल ने भी विचार रखे।

## जिले के ग्रामीण विकास को रफ्तार देने के लिए 61 शिव धाम पूरे : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिला के गांवों में ग्रामीण आधारभूत ढांचे और सामुदायिक विकास से जुड़े कार्यों में निरंतर प्रगति हो रही है। डीसी ने कहा कि जिला में शिव धाम(शमशान भूमि) योजना के तहत 61 कार्य पूरे किए जा चुके हैं तथा ग्राम पंचायतों में 51 अटल लाइब्रेरी स्थापित की जा चुकी हैं। इससे गांवों में सामुदायिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। डीसी वीरवार को ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मीटिंग में गांवों में संपर्क व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि 1000 से अधिक आबादी वाले गांवों की फिरनी के विकास कार्यक्रम के तहत रोहतक जिले में 8.99 करोड़ रुपये की लागत से 18 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 12 कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि शेष कार्य प्रगति पर हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से गांवों के अंदरूनी मार्गों और आवागमन की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। गांवों में सुरक्षा और सुविधा बढ़ाने के लिए फिरनी पर स्ट्रीट लाइट लगाने की परियोजना के तहत 26 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 6 कार्य पूरे हो चुके हैं।

#### जिले में 90 कार्य स्वीकृत

बैठक में शिव धाम विकास कार्यक्रम की प्रगति की भी समीक्षा की गई, जिसका उद्देश्य गांवों में धार्मिक स्थलों और सामुदायिक स्थानों पर सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। जिले में इस योजना के तहत 90 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 61 कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि शेष कार्य जल्द ही पूर्ण होने वाले हैं।

### समाज सेवा के कार्यों के साथ डॉ. रंगा ने मनाया जन्मदिन



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के जिला प्रभारी डॉ. अशोक कुमार रंगा ने अपना जन्मदिन समाज सेवा के कार्यों के साथ मनाते हुए मानवता और सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने सबसे पहले कलानौर विधानसभा क्षेत्र के गांव कटेसरा स्थित गौशाला में पहुंचकर गौ सेवा की और गौ माता को चारा खिलाया। डॉ. अशोक कुमार रंगा रोहतक स्थित लखीराम आर्य अनाथालय, दयानंद मठ पहुंचे, जहां उन्होंने अनाथ बच्चों के साथ अपना जन्मदिन सादगी और सेवा भावना के साथ मनाया। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य सुदामा कोच, तैमूरपुर सरपंच प्रतिनिधि नरेश गिल, काहनौर सरपंच प्रतिनिधि नवीन कुमार, जिंदरान सरपंच धर्मवीर चौहान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिक्षा का उद्देश्य छात्रों का समग्र विकास करना : डॉ. कृष्णाकांत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ एमडीयू के कुलसचिव ने गुरु-शिष्य परंपरा व शैक्षणिक नेतृत्व पर रखे विचार

भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु केवल विषय पढ़ाने वाला शिक्षक नहीं होता, बल्कि वह ऐसा मार्गदर्शक होता है जो शिष्य को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र का समग्र विकास करना भी है। ऐसा कहना है महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत का।

वे वीरवार को यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम (गुरु दक्षता कार्यक्रम) के सायंकालीन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में यह संबंध औपचारिक नहीं, बल्कि गहरे विश्वास, सम्मान और मार्गदर्शन पर आधारित होता है। गुरु सभी विद्यार्थियों को समान दृष्टि से देखते हुए उनकी क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करता है, जबकि विद्यार्थी गुरु को मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत मानते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में अलग-अलग प्रतिभाएं और क्षमताएं होती हैं। कार्यक्रम का आयोजन यूजीसी-एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग के मार्गदर्शन और उपनिदेशक डॉ. माधुरी हुड्डा की देखरेख में किया गया। इससे पहले प्रातः कालीन सत्र में चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा के व्यवसाय प्रशासन विभाग की प्रोफेसर प्रो. आरती गौर ने इंडेक्सिंग, साइटेशन डाटाबेस और शोध प्रभाव मेट्रिक्स विषय पर व्याख्यान देते हुए शोध कार्य की गुणवत्ता और वैश्विक पहचान बढ़ाने में इंडेक्सिंग और साइटेशन डाटाबेस की भूमिका पर प्रकाश डाला।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF
SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईंस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
◆ Neuro Surgery
◆ General Medicine
◆ General Surgery
◆ Orthopedics
◆ ब्रेन, रीड़ की हडिड्यों का ईलाज
◆ दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
◆ पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
● हरियाणा सरकार
● आयुष्मान भारत
● ESIC
के पैनल पर



DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

#### जेल लोक अदालत में एक बंदी को रिहा किया

**रोहतक।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान द्वारा सुनवाई के दौरान एक मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण पाए जाने पर एक बंदी को मौके पर ही रिहा करने के आदेश पारित किए गए। इस मौके पर डॉ. तरन्नुम खान ने जेल परिसर के महिला सैल का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां उपस्थित महिला बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत की व्यवस्था तथा विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी महिला बंदी को कानूनी सहायता की आवश्यकता हो तो वे जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर गरीब, कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सुलभ एवं निःशुल्क न्याय उपलब्ध कराना है।

### टिटोली में आयोजित यज्ञ में पहुंचे अमेरिका से डॉ. अमरजीत राणा

# 19वें बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बेटी बचाओ अभियान, युवा निर्माण अभियान एवं सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ, टिटोली में 19वें बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ का विधिवत शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने की। यज्ञ के ब्रह्मा हिमाचल प्रदेश के नूरपुर से पधारे स्वामी वेदप्रकाश रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अमेरिका से पहुंचे विद्वान डॉ. अमरजीत राणा शास्त्री उपस्थित रहे। मुख्य यजमान चीफ इंजीनियर सुनील देशवाल एवं श्वेता देशवाल रहे। विशिष्ट अतिथियों में पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय घुसकानी के प्राचार्य सुरेन्द्र शेखावत तथा पूर्व सीएमओ डॉ. रणबीर खासा शामिल रहे। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि समाज से कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सभी सामाजिक संस्थाओं को मिलकर कार्य करना होगा। मुख्य यजमान सुनील देशवाल ने युवाओं में संस्कारों की आवश्यकता पर बल दिया, जबकि डॉ. रणबीर खासा ने कहा कि किसी भी कार्य को पूर्ण समर्पण से करने पर ही सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से महावीर ठेकेदार,माता मूर्तिदेवी, प्रदेश संगठन मंत्री डॉक्टर विवेकानंद शास्त्री, स्वामी मुक्तिवेश, ऋषिराज शास्त्री, अजयपाल आर्य, विनोद हुड्डा, धर्मदेव वसिष्ठ, ईश्वर सिंह, महासिंह कुंडू, जिले सिंह कुंडू, प्रीति आर्या पूजा आर्या, अंतिम आर्या, पूनम कुंडू, बबिता, रोशनी आर्या आदि उपस्थित रहे।



**रोहतक।** हवन यज्ञ में आहुति देते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

महायज्ञ की मुख्य संयोजक बहन प्रवेश आर्या ने बताया कि आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष तथा स्वामी इंद्रवेश की 89वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित यह महायज्ञ 15 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 6 मार्च को लेखराम बलिदान दिवस पर अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान, 8 मार्च को महिला दिवस, 13 मार्च को रक्तदान शिविर, 14 मार्च को शिक्षक सम्मान समारोह तथा 15 मार्च को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक एवं आर्य समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ तीन बार लड़ चुके चुनाव

# भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने राज्यसभा चुनाव में बौद्ध को देंगे चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय रहे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। रोहतक के बोहर गांव के निवासी नांदल 2008 से राजनीति में सक्रिय हैं और विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ जुड़कर क्षेत्रीय राजनीति में अपनी पहचान बना चुके हैं।

सतीश नांदल का राजनीतिक सफर करीब 18 साल पहले रोहतक से शुरू हुआ था। शुरुआती दौर में वे इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) से जुड़े और पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाई। उस समय वे इनेलो सुप्रीमो और के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के करीबी नेताओं में गिने जाते थे। उन्होंने पार्टी के लिए जिलाध्यक्ष सहित कई बड़ीजिम्मेदारियां निभाईं और रोहतक क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बनाई। नांदल ने एक समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरकर भी अपनी राजनीतिक सक्रियता



■ 2008 में इनेलो से की थी राजनीति की शुरूआत,भाजपा में प्रदेश के उपाध्यक्ष हैं सतीश नांदल

का परिचय दिया था। उन्होंने 2009 में इनेलो से भूपेंद्र हुड्डा के खिलाफ किलोई विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और करीब 19 हजार वोट प्राप्त किए। उन्होंने इनेलो से ही 2014 में चुनाव लड़ा। जिसमें करीब 34 हजार वोट मिले। वह 2019 में इनेलो को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। 2019 में भाजपा में किलोई सीट से हुड्डा के खिलाफ चुनाव लड़कर करीब 40 हजार वोट प्राप्त किए। उनके बेटे संचित नांदल भी मेयर पद पर रोहतक से चुनाव लड़कर 40 हजार वोट ले चुके हैं। कांग्रेस से उनकी राजनीतिक दूरी हमेशा बनी रही और वे हमेशा कांग्रेस की नीतियों के विरोध में सक्रिय दिखाई

### राजनीतिक करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव

रोहतक के बोहर गांव से निकलकर राज्य स्तर की राजनीति तक पहुंचने वाले सतीश नांदल का यह कदम उनके राजनीतिक करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि राज्यसभा चुनाव में उनकी दावेदारी किस तरह का राजनीतिक प्रभाव छोड़ती है।

दिए। राजनीतिक समीकरणों के बदलते दौर में सतीश नांदल भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के संपर्क में आए। भाजपा में वे पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर के करीबी माने जाते हैं। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद सतीश नांदल का नाम राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनका लंबा राजनीतिक अनुभव और क्षेत्र में नेटवर्क उन्हें इस चुनावी प्रक्रिया में अहम बनाता है। हालांकि अंतिम फैसला चुनावी गणित और राजनीतिक समीकरणों पर निर्भर करेगा।

पंच से शुरू की राजनीति, अब कांग्रेस ने राज्यसभा उम्मीदवार बनाया

# भैणी महाराजपुर के कर्मवीर बौद्ध की आसान नहीं होगी रास की डगर

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

भैणी महाराजपुर गांव निवासी कर्मवीर बौद्ध ने वीरवार को चंडीगढ़ में कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्यसभा प्रत्याशी के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। हालांकि उनके लिए राज्यसभा की डगर आसान नहीं होगी, चूंकि भाजपा के सतीश नांदल उन्हें चुनौती देंगे। भैणी महाराजपुर गांव के लिए ही नहीं बल्कि पूरे महम हलके के लोगों के लिए यह फक्र की बात है। कर्मवीर बौद्ध को बचपन से ही राजनीति का शौक था। उन्हें पता था कि स्वयं, परिवार, समाज और देश व प्रदेश की तरक्की के लिए राजनीति ही एक जरिया है। इसलिए उन्होंने अपना वोट बनते ही गांव में ग्राम पंचायत चुनाव में पंच के लिए आवेदन कर दिया था और वे गांव के पंच चुने गए थे। भैणीभैरों गांव निवासी गवर्नमेंट कॉलेज के सेवानिवृत्त सुप्रींटेंडेंट कृष्ण कुमार ने बताया कि कर्मवीर बौद्ध का परिवार भैणीभैरों गांव से ही भैणी महाराजपुर गांव में जाकर बसा था। वे उनके ताऊ के बेटे हैं। इनके



■ मदीना गांव में पूर्व सरपंच भूप सिंह पहल के दरवाजे में खोला था आठवीं कक्षा तक का प्राइवेट स्कूल

तीन भाई और थे जिनका देहांत हो चुका है। इनका बड़ा भाई जागे राम बिजली बोर्ड में नौकरी करता था। कर्मवीर भाइयों में सबसे छोटे थे। कर्मवीर उनके साथ महम कॉलेज में पढ़ते थे। कर्मवीर ने महम राजकीय महाविद्यालय से बी कॉम की परीक्षा पास की थी। कर्मवीर के पड़ोसी सतपाल रापड़िया ने बताया कि इनके पिता रिसाल सिंह ही बहुत ही नेकदिल इंसान थे। पूरा परिवार मेहनत करता था। मदीना निवासी जयनारायण डायरेक्टर ने बताया कि कर्मवीर बोद्ध बचपन से ही बहुत मेहनती थे। पढ़ाई को लेकर उनमें खास जज्बा था। सरकारी नौकरी में आने से पहले उन्होंने

### पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने दी बधाई

कर्मवीर बौद्ध को कांग्रेस द्वारा राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने खुशी जाहिर की है। जब वे 1990 में हरियाणा कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन थे तब उनके हाथ से ही इनका सिलेक्शन किया था। इनकी पत्नी को भी उन्होंने ही लगवाया था। आज भी दोनों पति पत्नी बहुत मान सम्मान करते हैं।

मदीना गांव में पूर्व सरपंच भूप सिंह पहल के दरवाजे में आठवीं कक्षा तक का प्राइवेट स्कूल खोला था। यह स्कूल भैणीमहाराजपुर गांव के ही एक अन्य युवक के साथ साझेदारी में खोला था।

### 1990 में लगी थी क्लर्क की नौकरी

1990 में कर्मवीर की क्लर्क की नौकरी लग गई। उसके पार्टनर को भी नौकरी मिल गई। दोनों के नौकरी में चले जाने के बाद इन्होंने स्कूल बंद कर दिया। कर्मवीर की की शादी जुलाना गांव में हुई थी। कर्मवीर ने शादी के बाद पत्नी को गांव के ही सरकारी स्कूल में दाखिल करवाया।

रोहतक के गांव सुंडाना को खास बनाती है 700–800 साल पुरानी धुलेंडी की परंपरा
किसी को जबरदस्ती नहीं लगाया जाता रंग

# महिलाएं 'चुन्नी के कोरड़े' से खेलती हैं फाग, नहीं डाला जाता गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले का सुंडाना गांव होली के मौके पर एक ऐसी अनोखी परंपरा का गवाह बनता है, जो रंगों के त्योहार को सांस्कृतिक उत्सव में बदल देती है। यहां मनाई जाने वाली 'धुलेंडी' की परंपरा न केवल सदियों पुरानी है, बल्कि सामाजिक भाईचारे और सामुदायिक एकता की मिसाल भी मानी जाती है। ग्रामीणों का दावा है कि यह परंपरा करीब 700 से 800 वर्षों से लगातार निभाई जा रही है, जो हरियाणा में शायद ही किसी अन्य गांव में इस रूप में देखने को मिलती हो।

गांव की सरपंच अंजू बाला के अनुसार, होली के दिन बाबा गिरनारी मंदिर परिसर में भव्य मेला आयोजित किया जाता है। सुबह श्रद्धालु मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं और इसके बाद देसी घी के भंडारे का आयोजन होता है। दोपहर बाद खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जबकि शाम को जागरण का आयोजन होता है, जिसमें आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं।

### रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया जाता है चौक

बुधवार को गांव के भुरान पाना चौक में 'फाग' का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो सुणडाना की पहचान बन चुका है। चौक को पहले दिन ही साफ कर रंग-बिरंगे गुब्बारों और सजावट से सुसज्जित किया जाता है। खेतों से ट्रैक्टर के जरिए पानी लाकर बड़े कड़ों में भरा जाता है। सुबह करीब दस बजे गांव की महिलाएं 'चुन्नी के कोरड़े' के साथ खेलने के लिए चौक में एकत्रित होती हैं। इस खेल की सबसे खास बात यह है कि इसमें न तो गंदे पानी का इस्तेमाल होता है और न ही किसी पर जबरदस्ती रंग डाला जाता है। भाभियां प्रतीकात्मक रूप से 'कोलड़ा' लेकर दौड़ती हैं और पूरा माहौल हंसी-मजाक और अपनत्व से भर जाता है।

### दूसरे राज्यों से देखने आतें हैं लोग

गांव की 107 वर्षीय बुजुर्ग सबो देवी बताती हैं कि जब से वह इस गांव में आई हैं, तब से इसी तरह प्यार और भाईचारे के साथ दुल्हंडी खेली जाती रही है। वहीं 86 वर्षीय बलवान सिंह का कहना है कि उन्होंने बचपन से ही गांव में इसी परंपरा को चलते हुए देखा है, जहां लोग आपसी प्रेम और सम्मान के साथ होली मनाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए हर साल दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से भी लोग विशेष रूप से गांव पहुंचते हैं।



### शहर में शांतिपूर्ण मनाया फाग उत्सव , ढोल की थाप पर झूमे लोग



**रोहतक।** फाग उत्सव के अवसर पर शहर में गुरुवार को रंग, उमंग और भाईचारे का अनूठा माहौल देखने को मिला। शहर के विभिन्न इलाकों में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर फाग उत्सव मनाया और ढोल-नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक फाग गीतों के साथ खुशियां साझा कीं। जगह-जगह लोगों ने एकत्र होकर होली के गीत गाए और मिठाइयां बांटकर त्योहार की बधाई दी। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था या हुड़दंग की स्थिति न बनने पाए। प्रशासन की सतर्कता के चलते पूरे शहर में फाग उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। दूसरी ओर, शहर में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के कार्यालयों में भी फाग उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। कई स्थानों पर चाय-नाश्ते और मिठाइयों की व्यवस्था भी की गई, जहां कार्यकर्ताओं ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया। फाग उत्सव के मौके पर शहर के बाजारों और कॉलोनियों में भी उत्साह का माहौल बना रहा। बच्चों और युवाओं ने रंग-गुलाल के साथ जमकर मस्ती की, वहीं बुजुर्गों ने भी इस अवसर पर मिल-बैठकर पारंपरिक गीतों और बातचीत के साथ त्योहार की खुशियां बांटी।

## होली अंतर्मन को सद्भाव व अखंडता के रंगों से सरोबर करने का त्योहार : प्रवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुभाष नगर में होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। आरडब्ल्यूए प्रधान सेवक प्रवीन सहगल ने कहा कि यह होली केवल चेहरों को नहीं बल्कि हमारे अंतर्मन को सकारात्मकता, सद्भाव और अखंडता के रंगों से सरोबर करने का पर्व है। प्रदेश के व्यापारी नेता गुलशन डंग सहित महासचिव कमल दुरेजा, राजेश मलिक, सतीश तागरा, राजकुमार डंग, शैलेन्द्र शर्मा, उपप्रधान राजन मदान, ओम विज, प्रदीप सपड़ा, कश्मीरी लाल मिगलानी, सुरेश सुनेजा, गुलशन बहल, डॉ सुशील जुनेजा, जगदीश चुघ, राजेन्द्र भाटिया, प्रदीप सहगल, जगमोहन सोनी, सुभाष सहगल, देवेन्द्र छाबड़ा, गौरव बत्रा, गौरव गिरोतरा, पंडित रामकिशन ने सभी को तिलक करते हुए मंगलकामनाएं देते हुए हर्षोल्लास से होली पर्व मनाया।






रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त सचिन गुप्ता ।

## शिकायतें निपटाने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। हर सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोगों की शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा सके और उन्हें अपनी समस्याओं-समाधान शिविर की शिकायतों का किया जा रहा निपटारा : डीसी के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

हर सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर होते हैं आयोजित

### प्रशासन तक पहुंचती है जानकारी

डीसी ने कहा है कि इन शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं की जानकारी सीधे प्रशासन तक पहुंचती है और संबंधित विभागों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए जा सकते हैं। वीरवार के शिविर में जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। अधिकारियों ने एक-एक शिकायत को सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव था, उनका तुरंत समाधान करवाया गया। नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश साहसी बिड्डू शिविर में मौजूद रहे।

## मारपीट में एसएचओ पर केस दर्ज करने की मांग

**रोहतक।** घरौंडा, करनाल में कल शाम होली के पावन अवसर पर एसएचओ और पुलिस के अन्य कर्मचारियों द्वारा गैरकानूनी तरीके से इमरजेंसी ड्यूटी पर मौजूद डॉ. प्रशांत के साथ मारपीट व अपहरण कर थाने में ले जाने का दुर्भाग्यपूर्ण मामला सामने आया है। एचसीएमएस एसोसिएशन रोहतक के प्रधान डॉ विश्वजीत राठी ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा इस मामले को संज्ञान में लेते हुए आला अधिकारियों के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। एसो. के पदाधिकारी करनाल में मौजूद हैं और एसएचओ तथा अन्य पुलिस कर्मियों पर तुरंत कानूनी कार्यवाही पर अड़े हैं, एसोसिएशन की मांग है कि एसएचओ व अन्य पुलिस कर्मियों को तुरंत निलंबित कर सभी पर केस दर्ज दर्ज हो।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

## हरियाणा उद्योग व्यापार हित मंडल के जिला अध्यक्ष सतीश प्रजापति सीएम से मिले,कई गंभीर मुद्दे रखे

**रोहतक।** हरियाणा उद्योग व्यापार हित मंडल के जिला अध्यक्ष सतीश प्रजापति अपने साथियों के साथ 3 मार्च को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले और शहर के व्यापारियों से जुड़े कई गंभीर मुद्दों को उनके समक्ष रखा।



प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि शहर में व्यापारियों को लगातार फिरौती मांगने और धमकी देने जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है।जिलाध्यक्ष सतीश प्रजापति ने बताया कि प्रशासन द्वारा व्यापारियों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है तथा कई मामलों में भ्रष्टाचार की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि कई व्यापारी प्रशासनिक अनदेखी और गलत नीतियों के कारण परेशान हैं। इसके अलावा शहर में नशे का कारोबार चलने की भी शिकायत मुख्यमंत्री के सामने रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मांग की कि व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और भ्रष्टाचार तथा अवैध गतिविधियों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि व्यापारियों को सुरक्षित और निष्पक्ष माहौल मिल सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों और अधिकारियों की रिपोर्ट सीधे उन्हें दी जाए।

# मतदाताओं की शिकायतों के लिए छह सेंटर बनाए गए, वार्डवार तय किए स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

■ नपा क्षेत्र में मतदाताओं को 13 मतदान बूथों से बढ़ाकर 16 वार्डों में बांटने की प्रक्रिया चल रही

नपा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां लगातार जारी हैं। मतदाता सूची को व्यवस्थित करने और मतदाताओं की आपत्तियों व दावों के समाधान के लिए प्रशासन ने छह शिकायत केंद्र स्थापित किए हैं। इन केंद्रों पर संबंधित वार्डों के मतदाता अपनी आपत्तियां और दावे दर्ज करा सकेंगे।

पालिका सचिव नरेंद्र कुमार ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में मतदाताओं को 13 मतदान बूथों से बढ़ाकर 16 वार्डों में बांटने की प्रक्रिया चल रही है। इस कार्य को सुचारु रूप से पूरा करने के लिए 13 बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) भी नियुक्त किए गए हैं, जो मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को संभाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम, पता या अन्य किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज करानी है, वे अपने वार्ड के अनुसार निर्धारित केंद्रों पर जाकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। वार्ड 1 से 3 तक के मतदाता अपनी आपत्ति विद्युत निगम के एसडीओ कार्यालय में , वार्ड 4 से 6 के मतदाताओं के लिए पब्लिक हेल्थ एसडीओ कार्यालय , वार्ड 7 से 9 के मतदाताओं को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं। वार्ड 10 और 11 के मतदाता नगर पालिका कार्यालय और पॉलिटेक्निकल कॉलेज में अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। वार्ड 12 से 14 तक के मतदाताओं के लिए सीडीपीओ कार्यालय को केंद्र बनाया गया है। वहीं वार्ड 15 और 16 के मतदाता शांति हाई स्कूल में जाकर अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

अभिभावकों को बुलाकर काउंसलिंग करवाई

# भीख मांगते बच्चों को किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले की चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की टीम ने बच्चों के शोषण के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की कैंटीन के सामने भीख मांगते हुए 2 नाबालिग बच्चों को पकड़ा गया। एमडीडी ऑफ इंडिया के सहायक विकास एवं मानव तस्करी रोधी टीम के सदस्य रवि मलिक और प्रदीप कुमार ने संयुक्त कार्रवाई की।

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट सतीश कौशिक ने बताया कि 2 छोटे बच्चों को भीख मांगते हुए पकड़ा है। दोनों बच्चों की आयु लगभग 4 वर्ष के आसपास है और वे उत्तर प्रदेश के निवासी बताए गए हैं। रेस्क्यू के बाद दोनों बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर काउंसलिंग की गई। कौशिक ने बताया कि नाबालिग बच्चों के अभिभावकों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि भविष्य में बच्चों से भीख मंगवाने का मामला सामने आया तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



रोहतक। बच्चों के साथ चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट सतीश कौशिक व जिले की चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की टीम।

### सीडब्ल्यूसी कमेटी कर रही छापेमार कार्रवाई

चेयरमैन एडवोकेट सतीश कौशिक ने बताया कि जिले की सभी दुकानों, होटलों, नर्सिंग होम, फैक्ट्रियों, ईंट-भट्टों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में लगातार छापेमारी की जा रही है। अगर कहीं भी किसी को कोई बच्चा भीख मांगता दिखाई दिया तो तुरंत प्रशासन या चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को सूचित करें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बच्चों के संरक्षण, शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बाल मजदूरी और भिक्षावर्ती के खिलाफ सख्त कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

## कैबिनेट मंत्री विज का हालचाल पूछने पहुंचे पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा

■ रोहतक भूमि घोटाले की जांच की उठाई मांग, कहा—मामले में निष्पक्ष कार्रवाई जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व गृह मंत्री सुभाष बत्रा ने गुरुवार को अंबाला में हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान बत्रा ने अनिल विज के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहने वाले नेताओं का स्वस्थ रहना समाज और प्रदेश के लिए आवश्यक है। मुलाकात के दौरान सुभाष बत्रा ने रोहतक में सामने आए भूमि घोटाले के मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने कहा कि इस मामले ने शहर में कई सवाल खड़े कर दिए हैं और लोगों में चिंता का माहौल है। बत्रा ने मंत्री से आग्रह किया कि वे इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करवाएं।



रोहतक। प्रदेश के परिवहन मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर मुलाकात करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व गृह मंत्री सुभाष बत्रा।